आर.ए.एस./आर.टी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2018
(सामान्य अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान)

द्वितीय प्रश्नपत्र

मॉडल पेपर-1

समय : 3 घंटे | कुल अंक : 200

कुल प्रश्न : 39

(यूनिट-I) (65 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. प्लेटो के अनुसार सद्गुण क्या है?
2. वर्तमान समय में मोक्ष की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिये।
3. धर्मनिरपेक्ष नैतिकता एवं पर्यावरणीय नैतिकता से आप क्या समझते हैं?
4. जैन धर्म के पंच महाव्रत के सिद्धांत को स्पष्ट कीजिये।
5. महात्मा बुद्ध का आष्टांगिक मार्ग क्या है?

भाग-ब **अंक : 25**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. प्रशासनिक कार्यों में संवेगात्मक बुद्धि के सकारात्मक प्रभाव की भूमिका को स्पष्ट कीजिये।
7. तनाव क्या है? तनाव के प्रमुख कारण लिखिये।
8. अभिरुचि क्या है? एक सिविल सेवक में क्या-क्या अभिरुचियाँ होनी चाहियें? स्पष्ट कीजिये।
9. विकासवादी नीतिशास्त्र में हरबर्ट स्पेंसर के नैतिक विचारों पर प्रकाश डालिये।
10. अभिवृत्ति क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइये।

भाग-स **अंक : 30**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. बेंथम के उपयोगितावादी सिद्धांत का मूल्यांकन कीजिये।
12. स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं का समाज के विकास में क्या योगदान है?
13. आप एक ज़िलाधिकारी के रूप में तैनात हैं और एक सप्ताह बाद आयोजित होने वाले आम चुनावों के संचालन का उत्तरदायित्व आप पर है। अचानक आपकी माताजी को दिल का दौरा पड़ता है और उन्हें आपके गृह नगर के एक अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है जो आपके वर्तमान ज़िले से 250 किमी. दूर है। उनके डॉक्टर ने सलाह दी है कि आप जल्दी ही अपनी माताजी से आकर मिल लें, क्योंकि उनके जीवित रहने की संभावना 50% ही है। आप उनके एकमात्र पुत्र हैं और उन्होंने भी आपसे आग्रह किया है कि आप अंतिम समय में उनके साथ रहें। आपने चुनाव आयोग से अत्यावश्यक अवकाश के लिये आवेदन किया, लेकिन उसे अस्वीकार कर दिया गया। ऐसी परिस्थिति में आप क्या करेंगे और क्यों? अपने कृत्य की विस्तार से व्याख्या करें।

(यूनिट-II) (70 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. असंतृप्त वसा अम्ल को परिभाषित कीजिये।
2. लसीका एवं रुधिर में अंतर स्पष्ट कीजिये।
3. डाउन सिंड्रोम तथा टरनर्स सिंड्रोम में अंतर स्पष्ट कीजिये।
4. रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल को संक्षेप में समझाइये।
5. गुरुत्वीय तरंगें क्या होती हैं?

भाग-ब **अंक : 20**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. मानव जीनोम एडिटिंग क्या है? इसके संभावित खतरों को बताइये।
7. अंत:स्रावी ग्रंथि के संदर्भ में संक्षेप में चर्चा कीजिये।
8. राजस्थान की जैव प्रौद्योगिकी नीति के लक्षित प्रमुख उद्देश्यों को बताइये।
9. अपमार्जक क्या है? उदाहरण सहित अपमार्जक के किहीं दो प्रकारों को बताइये।

भाग-स **अंक : 40**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

10. जलवायु परिवर्तन क्या है? इसके कारणों एवं प्रभावों की विवेचना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों का वर्णन कीजिये।
11. स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में नैनोटेक्नोलॉजी के अनुप्रयोगों पर चर्चा कीजिये।
12. कुपोषण से आप क्या समझते हैं? मानव शरीर के आवश्यक पोषक तत्त्वों का वर्णन करें।
13. राजस्थान में बागबानी की स्थिति एवं संभावनाओं का वर्णन कीजिये।

(यूनिट-III) (65 अंक)

भाग-अ **अंक : 10**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. दरार घाटी क्या है?
2. जलीय चक्र से आप क्या समझते हैं?
3. चक्रवातीय वर्षा को परिभाषित कीजिये।
4. क्रेटर झील को परिभाषित कीजिये।
5. राजस्थान में 'सेम की समस्या' क्या है?

भाग-ब **अंक : 25**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

6. महासागरीय जल में तापमान के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए अलनीनो के प्रभाव को समझाइये।
7. प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदियों की चर्चा करते हुए इनकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करें।
8. भारत में हरित क्रांति के प्रभावों की विवेचना कीजिये।
9. राजस्थान में उर्वरक खनिज पर आधारित उद्योगों के वितरण को संक्षेप में समझाइये।
10. जैव विविधता से आप क्या समझते हैं? राज्य के प्रमुख जैव विविधता क्षेत्रों का उल्लेख कीजिये।

भाग-स **अंक : 30**

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. प्रवाल भित्ति किसे कहते हैं? प्रवाल विरंजन के प्रमुख कारण बताइये।
12. अपवाह तंत्र किसे कहते हैं? इसके विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिये।
13. राजस्थान में मृदा की प्रमुख समस्याओं का विवरण देते हुए उनका समाधान बताइये।